तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार, 13 जुलाई 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 नवा सौगात से मितानिनों को राहत, समय पर मिलेगी...



12 सिंगारभाट के प्रवेशोत्सव, साइकिल किया वितरित





## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**आवेदन की अंतिम तिथि 20/07/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: - मो.- 7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.


## खबर संक्षेप

### दुर्गूकोंदल बैंक ऋण प्रदान करने में दूसरा स्थान पर



**दुर्गूकोंदल।** जिला स्तरीय परामर्शदाती समिति की बैठक भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन से जिला कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में 11 जुलाई को जिला स्तरीय परामर्शदाती समिति की बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय योजनाओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए बेस्ट बैंक श्रेणी छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक दुर्गुकोंदल को जिले में दूसरा स्थान मिला है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक दुर्गुकोंदल के शाखा प्रबंधक शशिकांत रंजन को कलेक्टर के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बनसागर में माता पहुंचनी पर शीतला देवी की पूजा की



**बनसागर।** विकासखंड नरहरपुर के ग्राम पंचायत बनसागर में 11 जुलाई को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता पहुचानी का अयोजन किया गया। ग्राम के शीतला मंदिर में शीतला देवी के ढाई चक्कर परिक्रमा कर माता की पूजा अर्चना कर शीतला मंदिर में विशेष रूप से पूजा अर्चना किया गया। ग्रामीण पूजा सामग्री लेकर पहुँचे। ग्राम गायत पटेल पंच गणो की तरफ से ग्राम की सुख, शांति, समृद्धि की आराधना किया। इस अवसर पर बुधुराम सुरोजिया, अहिलू राम सलाम, फरसू नेताम, दयालु कुंजाम, गोपाल नेताम, फूलचंद कुंजाम, मनसुखा निषाद, लक्ष्मण वट्टी, जम्मूलाल कुंजाम, राजेंद्र चक्रधारी, राम कृष्ण पटेल, भावसिग कुंजाम, श्रीराम मंडावी, राजकुमार सेन, बनवाली राम नेताम, रमेश कुमार साहू,लखन साहू, आत्मा राम साहू, रामभाउ मंडावी, सहित पूरे गांव से महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### बिजली की आंखमिचौनी से उपभोक्ता हैं परेशान

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में मानसून के दस्तक देते ही ग्रामीण इलाके में बिजली की आंखमिचौली शुरू हो गई है। ग्रामीण इलाके में बारिश के मौसम चलते आए दिन कहीं न कहीं फॉल्ट हो जाता है व इससे घंटों विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी रहती है। दमकासा फीडर अंतर्गत ऐसे कई ग्रामीण इलाके है जहाँ के लोग बिजली की समस्या से खासे परेशान हैं। दिन हो या रात बत्ती कभी भी गुल हो जाती है एवं दिन रात मिलाकर बड़ी मुश्किल से चार से छह घंटे बिजली मिल पाती है। ऐसे में लोग बिजली विभाग की व्यवस्था को कोस रहे हैं।

### सिलाई प्रशिक्षण के लिए कल काउंसिलिंग

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के बेहतर भविष्य बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर तथा स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में सिलाई कोर्स में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए कल 14 जुलाई को लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर में प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग होगी। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो, वे इस प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए काउंसलिंग में शामिल हो सकते है।

# नया कानून लागू पर जानकारी नहीं, 12 दिन बाद भी एक भी ई एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए कानून भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद अब पीड़ित पक्ष घर संबंधित थानेदारों के सरकारी मोबाइल नम्बर व थानों की ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत भेजकर ई एफआईआर दर्ज करा सकते हैं, परन्तु विडंबना यह है कि कानून लागू होने के बाद पिछले 12 दिन में जिले के किसी थाने में एक भी ई एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायत नहीं हुई है। ऐसा लगा रहा है कि इसका मुख्य कारण लोगों में जानकारी का अभाव है।

थानों में एफआईआर दर्ज कराना सबसे बड़ी परेशानी मानी जाती है, रिपोर्ट लिखाने के लिए पीड़ित पक्ष के लोगों को थाने का चक्कर लगाना पड़ता है, इसे देखते हुए 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता में ई एफआईआर की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें कोई भी अपराधिक घटना होने पर पीड़ित पक्ष घर बैठे ई एफआईआर के तहत आनलाईन संबंधित थाने में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता हैं। इसमें तीन दिन के भीतर पीड़ित पक्ष को थाने में जाकर एफआईआर में हस्ताक्षर करना होगा। हस्ताक्षर नहीं होने पर एफआईआर मान्य नहीं माना जाएगा। जिले में 12 दिन में एक भी व्यक्ति इस तरह की एफआईआर दर्ज कराने के लिए सामने नही है, इससे यही स्पष्ट है कि लोगों में अभी भी जानकारी का अभाव है। जिले की पुलिस लगातार आमजनता, बुद्धजीवी, व्यापारी और सभी थाने के थानेदारों ने अपने अपने ईलाके ▶▶|शेष पेज 10 पर

## रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने में आने की जरूरत नहीं




### छत्तीसगढ़ आफिशियल वेबसाइट में ईमेल आईडी

छत्तीसगढ़ आफिशियल पुलिस विभाग की वेबसाइट में पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी, सभी थाने के थानेदारों के सरकारी मोबाइल नम्बर व थानों के ईमेल आईडी अपलोड है। आम लोग उक्त वेबसाइट में जाकर अपने संबंधित थाना क्षेत्र के थानेदार का सरकारी मोबाइल नम्बर व ईमेल आईडी देख सकते हैं और उसके माध्यम से ई एफआईआर के लिए शिकायत कर सकते हैं।

## परिसीमन : 2019 में भी वार्ड की संख्या नहीं बढ़ी, केवल वार्डों की सीमा में किया गया था बदलाव

# दस साल बाद भी नहीं बढ़ेंगे वार्ड, पर केंद्रों में बढ़ेगी मतदाताओं की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कई नेताओं का समीकरण बिगाड़ने जाति समीकरण में किया था बदलाव
- नगर पालिका और पांच नगर पंचायत में वार्डों की सीमा जस का तस रखने का प्रस्ताव तैयार

दस साल पहले 2014 के चुनाव के पहले वार्डो का परसीमन कर तीन नए वार्ड बढ़ाए गए थे और 2019 में वार्डो का परसीमन फिर से करके सात वार्डो का जाति समीकरण बिगाड़ा गया था। 2024 के चुनाव के पहले वार्डो के परसीमन को जस का तस करने की हो रही वकालत पर कांग्रेस को सीधा लाभ मिलना तय है। 2019 में जिस तरह से वार्डो की जाति समीकरण बिगाड़ा गया था, उसे इस बार ठीक किया जाना चाहिए था, परंतु उसके लिए किसी भी जिम्मेदार के द्वारा कोई पहल नहीं किया गया है।

हरिभूमि को अभी तक मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के एक नगर पालिका और पाँच नगर पंचायत में वार्डो की सीमाओं को जस का तस रखने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है, इससे कांकेर नगर पालिका, नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर ▶▶|शेष पेज 10 पर



### नहीं दिया गया ध्यान, बढ़ाई गई तिथि

परसीमन को लेकर अभी तक कोई भी बदलाव नही होने का जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उससे लग रहा है कि इस पर सत्ता पर बैठी सरकार के जिम्मेदारों ने ध्यान ही नहीं दिया। सत्ता पर बैठे जिम्मेदार ध्यान देते तो 2019 में जिस तरह के समीकरण बिगाड़े गए थे, उसे ठीक करने का प्रयास किया जाता, परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया, शायद इसीलिए जस का तस प्रस्ताव भेजा गया। यह भी चर्चा है कि इसकी शिकायत बड़े स्तर पर किए जाने के कारण ही प्रथम प्रकाशन की जो तिथि 15 जुलाई थी, उसे बढ़ा दिया गया है।

### 2014 में हुआ था परिसीमन

2014 में परमीशन हुआ था, उसी समय कांकेर नगर पालिका के तीन वार्ड बढ़ गए थे वहीं 2019 के परसीमन में एक भी वार्ड नहीं बढ़ा था, परंतु कांग्रेस सरकार के प्रभाव में अधिकारियों ने वार्डो की सीमा को इस ढंग से तोड़ा कि भाजपा के कई जीतने वाले दावेदार जाति समीकरण के चलते चुनाव मैदान से बाहर हो गए। भाजपा के शासन में 2024 में परसीमन करने फरमान जारी हुआ है, परंतु यहाँ पर किसी भी तरह के बदलाव की आवश्यकता नहीं है, ऐसा बताया जा रहा है, इससे किसे फायदा होगा और किसका नुकसान होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

# सीएम का मितानिनों को सौगात खातों में भेजी गई प्रोत्साहन राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वर्चुअल कार्यक्रम मातृ एवं शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज में विधायक नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ

नवा सौगात योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी मितानिनों सहित जिले के 03 हजार 310 मितानिनों को हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि राज्य से अब सीधे उनके खाते में अंतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में मितानिनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत किया।

जिले में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम मातृ एवं शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज में विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में हुआ और उन्होने इस अवसर पर कहा कि मितानिन बहनें स्वास्थ्य के साथ ही नशा मुक्ति, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य, शिक्षा, कुपोषण से मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्व जन चेतना के जागरण का कार्य करती हैं। स्थानीय पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य के संबंध में समुदाय की भागीदारी के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। शासन के समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को जन-जन तक प्रचारित करने एवं उनका लाभ लेने के लिए मितानिन अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की इस महती योजना से अब हमारी बहनें अधिक सफल एवं समर्थ होकर कार्य करेंगी। ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जमीन विवाद : बुजुर्ग महिला को जान से मारने दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जमीन विवाद को लेकर युवक ने महिला के साथ गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया है, वहीं बुजुर्ग महिला का कहना है कि हमारे साथ कभी भी कोई भी अनहोनी हो सकती है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँची संबलपुर शांतिपारा निवासी 60 वर्षीय राजकुमारी भोयर पिता जैताराम भोयर ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करती ▶▶|शेष पेज 10 पर

## रोपाई थमी, किसानों को बारिश की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



विकासखंड दुर्गूकोंदल अंचल में मानसून की आमद के बाद भी पर्याप्त बारिश नहीं हो पाई है। तहसील कार्यालय दुर्गुकोंदल के अनुसार तहसील में 12 जुलाई तक 184.9 एमएम बारिश ही दर्ज की गई है, जो सामान्य से 26 प्रतिशत बारिश कम हुई है।

एक दिन पहले बस्तर संभाग के जगदलपुर, दंतेवाड़ा समेत अन्य जिलों में बारिश हुई थी। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो बस्तर संभाग के अधिकांश हिस्सों में भी बारिश की संभावना है। अंचल के किसानों का कहना है कि रोपा लगाने का समय निकल रहा है और अच्छी बारिश होगी तभी रोपा लगाने के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर

## हाटकोंगेरा में मारपीट काउंटर रिपोर्ट दर्ज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हाटकोंगेरा में किराना दुकान के पास गांव के दो लोगों में बिना सिर पैर की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनो पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट कर दिया। दोनो पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट का काउंटर केस दर्ज किया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे हाटकोंगेरा निवासी 44 वर्षीय संजय दर्रो पिता स्व. धरम सिंह दर्रो ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूँ और 12 जुलाई को मैं गांव के किराना दुकान के पास मुकेश के साथ दोनो आपस मे बातचीत कर रहे थे, उसी समय नीरज कुमार नाग बाईक से अपने घर तरफ से आकर दुकान से गुटखा खरीद कर खाने लगा। मै अपने घर चला गया ▶▶|शेष पेज 10 पर

## चीन में बोड़ा के गूदा को रक्त प्रवाह रोकने में करते हैं उपयोग

# कांकेर आया कांकेर की पहचान बोड़ा, 6 सौ रुपए किलो में हाथों हाथ बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- वनस्पति शास्त्र की भाषा में बोड़ा को अर्थस्टार या जमीनी सितारा भी कहते हैं

कांकेर के बाजारों में इन दिनों बोड़ा की आवक जोरों पर है। बोड़ा कांकेर में लंबे समय से रहने वाले लोगों के लिए महंगा ही सही, लेकिन बहुप्रतीक्षित स्वादिष्ट खाद्य सामग्री है। यह बाजार में स्थानीय माप सोली और पायली के जरिये बेचा जाता है। इस समय एक सोली बोड़ा की कीमत सौ से डेढ़ सौ रुपए है। एक सोली में लगभग डेढ़ से दो सौ ग्राम बोड़ा आता है। शहर में 150 रूपएं पाव में बेचा जा रहा है।

साल के वनों में प्रमुखता से पाया जाने वाला यह बोड़ा भारत के कई हिस्सों में विशेष रुप से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और बंगाल में भी पाया जाता है। बोड़ा का वैज्ञानिक नाम एस्ट्राईस हाइग्रोमेट्रिकस है। भारत में कुछ जनजातीय लोग इसके अंदर के गूदे को औषधि के रूप में उपयोग में लाते हैं, वहीं चीन में इसका गूदा रक्त प्रवाह रोकने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह एक प्रकार का कवक अर्थात फंजाई है। फंजाई (फंगस) एक ऐसा वर्ग है जो मनुष्य में दाद जैसी बीमारी उत्पन्न करने से लेकर मनुष्य के लिए खाद्य सामग्री के रूप में उपलब्ध है। जानकारों की मानें तो अनियमित आकार का गोल और मटमैला रंग का बोड़ा रेतीली जमीन में साल वृक्ष के जड़ो मे सहभोजी के रूप में (सिंबोयोटिक फार्म) होता है। प्रारंभ में अव्यस्क अवस्था में अनियमित गोलाकार होता है, यह दरअसल फ्रूटिंग बॉडी है। बाहरी दीवार का ऊतक पहले घुंघरू की तरह फटता है, धीरे धीरे इसकी पंखुड़िया पूरी तरह से खुलकर सितारे का आकार ले लेती है, इसीलिए इसे अर्थस्टार या जमीनी सितारा के नाम से भी जाना जाता है।

यह एक कवक है, जिसमें क्लोरोफिल नहीं पाया जाता, लेकिन साल जैसे वृक्षों के जड़ो के साथ मिलकर सहजीवी के रूप में विकसित होता है। इसका माइसीलियम पेड़ की जड़ो में प्रवेश कर जाता है और अपना पोषण प्राप्त करता है, क्योकि इनमें क्लोरोफिल नहीं पाया जाता, इसीलिए यह स्वंय अपना भोजन नहीं बन पाता है। बदले में यह मिट्टी से अकार्बनिक पदार्थ मुख्य रूप से नाइट्रोजन और फास्फोरस आदि पेड़ो को प्रदान करता है। बोड़ा की सोंधी खुशबू इसमें उपस्थित एरोमेटिक अर्थात सुगंधित कार्बनिक पदार्थो के कारण होता है।




## पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 1565, दसवीं व बारहवीं में 1797 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

**कलेक्टर ने की परीक्षाओं की तैयारी की समीक्षा, पहली बार बोर्ड परीक्षा में दिया जा रहा है दूसरा अवसर**

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं के दूसरे अवसर की परीक्षाओं के तैयारियों की समीक्षा की गई।

शुक्रवार को जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी अपने-अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में ही शामिल होंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व ही अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ ही फोटोयुक्त अन्य परिचय पत्र भी साथ लाना होगा। मोबाइल, स्मार्ट वाच, डिजिटल वॉच के उपयोग की अनुमति किसी भी परिस्थिति में नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र तक प्रश्न पत्र लाने का कार्य पूरी सुरक्षा के दायरे में किया जाएगा और प्रश्न पत्र खोलते समय वीडियोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी सावधानी के साथ परीक्षा के आयोजन के लिए दिए गए सभी निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन करने के निर्देश दिए। व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

इस परीक्षा में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 300, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 400, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव में 300, स्वामी आत्मानंद विद्यालय तहसीलपारा में 300, स्वामी आत्मानंद विद्यालय महात्मा गांधी में 150 और चावड़ा हायर सेकेण्डरी स्कूल में 115 परीक्षार्थी शामिल होंगे।



### बोर्ड परीक्षा 24 जुलाई से 8 अगस्त तक

कक्षा दसवीं के लिए दूसरे अवसर की परीक्षाएं 24 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी। इसमें 870 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके साथ ही बारहवीं की परीक्षा 23 जुलाई से 22 अगस्त तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 927 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षाओं के लिए सभी विकासखण्ड मुख्यालय में एक-एक परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। कोंडागांव जिला मुख्यालय में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को तथा अन्य विकासखण्ड मुख्यालयों में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### महादाई कश्यप की सर्पदंश से मौत



**कोण्डागांव।** कुदुर थाना पुगार पाल निवासी महादाई कश्यप की सर्पदंश से मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पर घटना स्थल पर जाकर तुरंत कार्रवाई की है। महा दाई की मृत्यु से परिवार और पड़ोसी लोगों में गहरा शोक है। स्थानीय निवासियों ने उनके विचारों और उनके योगदान को याद करते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### आपदा से मौत, 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता जारी

**कोण्डागांव।** कलेक्टर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 02 प्रकरणों में वारिसों को 08 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा धनोरा तहसील के ग्राम तोड़ासी निवासी कुमेश कुमार की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता झानीबाई, पिता कलानाथ और ग्राम कोणपक्षना के निवासी महेश की पानी में डूबने से मृत्यु पर पत्नी जयवती को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा सभी प्रकरणों में चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### हेमबती का कलेक्टर ने किया सम्मान



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पंजाब लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक के साथ 10 हजार का चेक प्राप्त करने वाली स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल तहसीलपारा कोण्डागांव की कक्षा 10 वीं की छात्रा हेमबती का सम्मान किया। उन्होंने हेमबती नाग को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे, खेल अधिकारी सुदराम मरकाम, प्राचार्य पीएस डेनियल उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में टीबी व स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोंडागांव में टीबी एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देशन में टीबी मुक्त कोंडागाँव के उद्देश्य से स्कूली बच्चों को टीबी व स्वास्थ्य जागरुकता के लिये स्वास्थ्य जांच कर टीबी स्क्रीनिंग और किया गया। इस शिविर का मूल उद्देश्य यह है कि समय-समय पर स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वास्थ्य जांच कराते रहें जिससे टीबी का संदेह से मुक्त रहें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पिरामल फाऊंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग जिला क्षय उन्मूलम केन्द्र, पिरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता का आयोजन हुआ।

**पौधारोपण : वन महोत्सव में शामिल हुए सीसीएफ, कलेक्टर और डीएफओ**

# केशकाल वनमंडल में मनाया गया वन महोत्सव
# इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में लगाए गए 300 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

केशकाल वन मंडल में गुरुवार को वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इको पर्यटन केंद्र टाटामारी में एक पेड़ मां के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में 300 पौधे लगाए गए। इसके साथ ही वन मंडल के अंतर्गत इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर भी पौधरोपण का कार्य किया गया। टाटामारी में कांकेर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक दिलराम प्रभाकर ने पीपल और कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन ने यहां बरगद के पौधे लगाए। इस अवसर पर उपस्थित अनुविभागीय दंडाधिकारी अंकित चौहान, उप वन मंडलाधिकारी श्रीमती सुषमा नेताम, ग्राम पटेल बलराम गौर, सहित इको पर्यटन केंद्र टाटामारी के सदस्य, वन प्रबंधन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जनप्रतिनिधिगण, पर्यटन केन्द्र से जुड़ी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए। यहां पीपल बरगद के साथ ही नीम, आंवला, काजू, कर्रा, बांस आदि के पौधे लगाए गए।

**सुंदर कोंडागांव का सपना होगा साकार**

कलेक्टर श्री दुदावत ने इस अवसर पर कहा कि वन का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। वनों को सहेजने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाने का आह्वान किया गया है। यहां आज पौधे लगाने के साथ ही इनके संरक्षण का कार्य करेंगे। पौधों को लगाने और उनको संरक्षित करने पर ही हरित और सुंदर कोंडागांव का सपना साकार होगा। उन्होंने इस अवसर पर टाटामारी इको पर्यटन केंद्र में कार्य कर रहे स्व सहायता समूह की महिलाओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इनके कार्यों की प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हो रही है। उन्होंने टाटामारी इको पर्यटन केंद्र के सौंदर्यीकरण व विकास के और अधिक कार्य किए जाने की बात कही। वन मंडलाधिकारी श्री एन गुरुनाथन ने इस अवसर पर कहा कि हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के कार्य में सहयोग करना चाहिए। आज इसी दिशा में यहां पौधरोपण का कार्य किया गया है।



### 8 लाख पौधे लगाने का रखा गया लक्ष्य

केशकाल वन मंडल द्वारा इस वर्ष लगभग 8 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत किसानों द्वारा वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत 7 लाख 69 हजार 556 पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें क्लोनल नीलगिरी, टिशू कल्चर सागौन, टिशू कल्चर बांस, चंदन तथा अन्य आर्थिक लाभकारी प्रजाति के पौधे शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कैंपा मद से 29 हजार 250 पौधे भी लगाए जाएंगे।

### मां के नाम पर पौधारोपण अभियान को मिली गति



**कोण्डागांव।** आज छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत शामपुर में पौधारोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, वन विभाग के अधिकारी, आत्मानंद स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, और बच्चे सम्मिलित हुए। सभी ने मिलकर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोण्डागांव के पूर्व विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र राठौर, वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष निरंजन वैष्णव, वन अभिकरण समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण मरकाम, शाला समिति के अध्यक्ष जागेश्वर मरकाम, ब्लॉक महामंत्री भानु ठाकुर, वीरेंद्र पटेल, रेंजर आरिफ कुरैशी, डिप्टी रेंजर फूल सिंह बघेल, ए के पटेल, और फॉरेस्ट गार्ड उपस्थित रहे। आत्मानंद स्कूल के बच्चों और शिक्षकों ने भी पौधारोपण में सक्रिय रूप से भाग लिया। बच्चों ने वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा और दूसरों को भी प्रेरित किया।

# दूसरी औरत लाने के बाद पहली पत्नी से मोहभंग, कर दी हत्या



**जगदलपुर/दरभा।** दरभा थाना क्षेत्र के बाड़नपाल में निर्दयी पति ने अपनी पहली पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। दूसरी औरत को लाने के बाद पहली पत्नी से उसका अकसर विवाद होता था इसी विवाद के चलते उसने पहले हाथ मुक्का से मारपीट किया फिर गला दबाकर मौत की नींद सुला दिया। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था जिसके बाद मृतिका के चाचा कि रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी भतीजी के कातिल पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

- दोनों में होता था विवाद, हाथ मुक्का से मारने के बाद गला दबाकर सुला दिया मौत की नींद

जानकारी के मुताबिक घटना की रिपोर्ट प्रार्थी चमरू दुदी ने दर्ज कराते हुए बताा कि उसकी भतीजी बीड़े कवासी को उसके पति सोमारू कवासी ने घरेलू विवाद के कारण गला दबाकर की हत्या कर दी है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व एसडीओपी केशलूर विश्वदीपक त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी दरभा केशरीचंद साहू नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की पड़ताल व पीएम रिपोर्ट में हत्या का खुलासा होने पर आरोपी पति के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। इस बीच फरार आरोपी का पता तलाश कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। मामले में आरोपी सोमारू कवासी 35 वर्ष निवासी ग्राम बाडनपाल नाकापारा थाना दरभा जिला सुकमा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। प्रार्थी कि रिपोर्ट के मुताबिक 9 जुलाई को ग्राम बाडनपाल नाकापारा मे श्रीमती बीडे कवासी पति सोमारू कवासी 41 वर्ष की मौत की सूचना पर पूर्व में पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही थी। पीएम रिपोर्ट के बाद हत्या की पुष्टि होने पर हत्या का मामला दर्ज कर नए सिरे से से जांच की जा रही थी। जांच के दौरान शव निरीक्षण, घटनास्थल की जांच, प्रार्थी व गवाहों के कथन तथा पीएम रिपोर्ट से पता लगा कि मृतिका बीडे कवासी से उसका पति सोमारू कवासी हमेशा लडाई झगड़ा कर मारपीट करते रहता था। सोमारू कवासी के द्वारा दूसरी औरत लाने के बाद से मृतिका के साथ ज्यादा लडाई झगडा व मारपीट करता था।

# आज 8 ग्राम पंचायतों में चलेगा संपूर्णता अभियान



**कोण्डागांव।** नीति आयोग द्वारा 4 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के निर्धारित 6 संकेतकों की शत प्रतिशत प्राप्ति के लिए जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार आकांक्षी विकासखंड माकड़ी में 11 जुलाई से सभी 67 ग्राम पंचायतों और उनके समस्त आश्रित ग्रामों में संपूर्णता अभियान उत्सव की शुरुआत की गई। गुरुवार को 8 ग्राम पचायत उमरगांव, अमरावती, तमरावंड, बेलोंडी, इंगरा, तौरेंगा, बरकई और लुभा में इसका आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में प्रसव पूर्व पंजीयन एवं स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एनीमिया जांच, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओ को पूरक पोषण आहार वितरण तथा कृषि विभाग द्वारा लोगों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए प्रेरित करने के साथ किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी दी गई। जन समुदाय को संपूर्णता अभियान की प्रतिज्ञा दिलाकर इस अभियान में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा इसे सफल बनाने का संदेश दिया गया।

- ग्राम उमरगांव, अमरावती, तमरावंड, बेलोंडी, इंगरा, तौरेंगा, बरकई और लुभा में होंगे कार्यक्रम

### फरसगांव वार्ड परिसीमन को लेकर हुई बैठक

**फरसगांव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड परिसीमन को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अश्वन कुमार पुसाम की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार शुक्रवार को हाल में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान नगर पंचायत फरसगांव के अन्तर्गत आने वाले 15 वार्डों के परिसीमन वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार जनसंख्या में वृद्धि, मतदाताओं की संख्या व भौगोलिक स्थित को देखते हुए नगर पंचायत फरसगांव में वार्ड परिसीमन की आवश्यकता पर चर्चा की गई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पार्षद एवं नागरिक उपस्थिति थे।

## विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली, वर्ल्ड पेपर बैग दिवस पर आयोजन

**कोण्डागांव।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डागांव में आज प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक एवं जयंत कुमार मजुमदार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक एवं एनसीसी कैडेट एवं छात्र/छात्राओं के संयुक्त तत्वावधान में नगर में जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्लास्टिक मुक्त कोण्डागांव व स्वच्छ बनाने के लिए और पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए रैली के माध्यम से नारा प्रकृत्ति के दुश्मन तीन पाउच, पन्नी, पॉलिथिन को हटाना है पर्यावरण बचाना है। पॉलिथिन हटाओ जीवन बचाओ। के नारों के साथ स्कूल से बस स्टैंड, अस्पताल वार्ड, विकास नगर के नागरिकों का प्रयास किया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एनसीसी अधिकारी अभिलाष निषाद, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर नेताम, वरिष्ठ प्रधान अध्यापक निर्मल कुमार शार्दुल एवं श्रीमती बेबीमाला गायकवाड, सुश्री रेखा ठाकुर व्यायाम शिक्षक बी जॉन, व्याख्याता राधेश्याम मांझी, श्रीमती नीरू सिंह, श्रीमती ममता लकड़ा, श्रीमती भोमेष्वरी मरकाम, श्रीमती मृदुला गायकवाड़, दीपलता मरकाम, धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, युसुफ, गुमान सिंह पोटाई, तुलेश कुमार निर्मलकर, रविकांत वर्मा आदि उपस्थित रहे।




## वृद्धाश्रम कोंडागांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**कोण्डागांव।** समर्पण वृद्धाश्रम कोंडागांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा-निर्देशन में हाई रिस्क ग्रुप में आने वाले वृद्धाश्रम के लोगों का स्वास्थ्य जांच कर टीबी स्क्रीनिंग और काउंसलिंग किया गया। इस शिविर का मूल उद्देश्य यह है कि समय-समय पर वृद्धाश्रम में निवासरत करने वाले के लिए स्वास्थ्य जांच कराते रहें जिससे टीबी का संदेह से मुक्त रहें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए पिरामल फाऊंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग जिला क्षय उन्मूलम केन्द्र, पिरामल फाउंडेशन एवं मोबाइल मेडिकल यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम का अहम् भूमिका रही।



**ये रहे उपस्थित** – कार्यक्रम में जिला क्षय उन्मूलम केन्द्र से कांतेश देवांगन पिरामल फाऊंडेशन से शशि बर्मन, मोबाइल मेडिकल यूनिट के डॉक्टर मुरारी झा, लैब टेक्नीशियन मनीष सेठिया, नर्स दीपिका पोयम ,फार्शिस्ट रोशन साहू, ड्राईवर विक्रमसिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

**नया कानून लागू...**

के लोगों को जानकारी देने के लिए कार्यशाला आयोजित कर चुके है। मीडिया के द्वारा नए कानून के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार समाचार प्रकाशन भी किया जा रहा है, जिससे लोग जागरूक हो सके।

**दस साल बाद...**

में कांग्रेस को लाभ मिलना तय है। 2019 के परसीमन में भी वार्ड नहीं बढ़ाए गए थे, केवल सीमाओं को इस तरह से बदला गया था कि जिस वार्ड में भाजपा मजबूत थी, उस वार्ड का जातीय समीकरण ऐसा बिगाड़ा गया कि वहाँ पर भाजपा को प्रत्याशी नहीं मिले और भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा था और कांग्रेस को उसका सीधा लाभ मिला। माहुरबंदपारा, शिवनगर, श्रीरामनगर, सुभाष वार्ड, मांझापारा, भंडारीपारा और महादेव वार्ड की सीमाओं में ऐसा खेल खेला गया कि भाजपा को चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा था। कई हिस्सों को इधर से उधर जोड़कर गुणा भाग को खेला गया था। यह खेल नगरीय निकाय के कर्मचारियो ने अपने आकाओं को लाभ पहुँचाने के लिए खेला था।

**सीएम का मितानिनों...**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने नवा सौगात योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मितानिन स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख कड़ी हैं, जो स्वयं सेवक की भूमिका अदा करते हुए जन-जन को अच्छे स्वास्थ्य का संदेशा पहुंचाते हैं। इस योजना से अब मितानिनों को हर माह प्रोत्साहन राशि राज्य से सीधे उनके खाते में आने से उन्हें काफी मदद मिलेगी। विशिष्ट अतिथि अनिरुद्ध साहू ने भी मितानिनों के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्य की प्रशंसा किया। इस कार्यक्रम में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हेमंत नाग, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला एनसीडी सलाहकार, आईडीएसपी सेल के कर्मचारी एवं जिले के मितानिन उपस्थित रही।

**जमीन विवाद : बुजुर्ग...**

हूं। मेरे नाम से धनगुडरा ग्राम में 1.21 हेक्टेयर कृषि भूमि है। मैने 11 जनवरी 2021 को राजस्व विभाग से सीमांकन कराया गया था, उक्त जमीन में से मेरी 2 डिसमिल जमीन संजय ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर के जमीन तरफ जमीन दबा हुआ था, जिसे लगातार 02 वर्ष तक काशत किया था। संजय ठाकुर 9 जुलाई की शाम को लगभग 4 से 5 बजे आकर कहने लगे के मेरी 2 डिसमिल खेती जमीन में अपना धान बुआई कर दिया है, जिसे मेरे द्वारा मना करने पर मुझे गाली बकते हुए, मुझे जान से मारने की धमकी दिया है, जिसके कारण मै भयभीत हूं। मैने भयभीत होकर घटना की जानकारी भानुप्रतापपुर थाने को दिया। मुझे डर है कि आरोपी के द्वारा मेरे साथ कभी भी कोई कभी भी अनहोनी हो सकती है। भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**रोपाई थमी, किसानों...**

एक महीने पहले ही पलाहा डाल चुके है, लेकिन अभी उतनी बारिश नहीं हुई है, जिसमें रोपा लगाया जा सके। अगर इस सप्ताह भी बारिश नहीं होती है, तो बारिश पर निर्भर रहकर खेती करने वाले किसानों के लिए मुश्किलें जरूर होंगी। अंचल में कहीं-कहीं बारिश हो रही है लेकिन रोपाई के लिए पर्याप्त नहीं है।

**हाटकोंगेरा में ...**

और घर से निकलकर पुनः किराना दुकान के पास पहुंचा था कि सुबह करीबन 10.30 बजे नीरज कुमार नाग अपने बड़े भाईया लीलाधर नाग व उनके भतीजा हिरेश नाग के साथ एक राय होकर गाली के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किए। मारपीट किए जाने से मेरे सिर मे चोंट आने से खून बह रहा था, जिसे विनोद कुंजाम, कांता नाग व तीजू नाग तथा दुकान मे खडे कुछ लोगो ने देखा। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 15(2), 296, 3(5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से शिकायत करने थाना पहुँचे हाटकोंगेरा निवासी 40 वर्षीय नीरज नाग पिता कृष्णा नाग ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं और 12 जुलाई को राशन कार्ड लेने के लिए राशन दुकान गया था। राशन दुकान से राशन कार्ड लेकर वापस आते समय गांव के किराना दुकान में गुटखा खाने के लिए रूका, वहां पर संजय दर्रो पंचायत प्रतिनिधियो को गाली दे रहा था, तब मै वहां पर मौजूद लोगों को बोला कि यह क्यों पंचायत प्रतिनिधियो को गाली दे रहा है, जो भी बोलना है उनके घर पर जाकर बोलता या पंचायत में जाकर बोलता, यहां क्यो गाली दे रहा है। इस बात को सुनकर संजय दर्रो आवेश में आकर कहने लगा कि मुझे तु बोलने वाला कौन होता है, कहकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से एंव पास मे पड़े ईट से मारपीट किया, जिससे मुझे दाहिने पैर, बाया हाथ, चेहरा, सिर मे चोट आया है मारपीट की घटना को देखकर चेतन भास्कर, संजू नाग देखे सुने एंव बीच बचाव किए। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 15(2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# मिलावटी दूध की जांच के लिए डेयरी दुकानों से लिए गए उत्पादों के नमूने

**कोण्डागांव।** मिलावटी दूध और उससे बनने वाले उत्पादों की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, कोण्डागांव द्वारा नमूना संकलन की कार्यवाही की जा रही हैं। नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके देवांगन द्वारा कोण्डागांव के विभिन्न डेयरी दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। और मिलावट की जांच करने नमूना संकलन किया जा रहा है।

अब तक शहर के पांच प्रतिष्ठानों से पांच नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया है। जिसमें मनोज डेयरी से दही, गुप्ता डेयरी से पनीर, बाबा इन्टरप्राइजेस से पनीर, देवांगन मिल्क पार्लर से बीडीएफ दही और और कृष्णा डेयरी से दूध का नमूना संकलित किया गया है। जांच रिपोर्ट में दूध या दूध उत्पादों में यूरिया डिटर्जेंट जैसे हानिकारक पदार्थों की मिलावट पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर प्रकरण बनाया जाएगा। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी जिसमें बाहर से आने वाले दूध विक्रेताओं से भी दूध का नमूना संकलित कर जांच के लिए भेजा जाएगा।



### संजय बाजार में लूट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**जगदलपुर।** संजय बाजार में टैक्सी चालक व हेल्पर से मारपीट व लूट मामले में फरार तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को गिरफ्तार तीन अलग मामलों के आरोपियों को न्यायालय से सेण्ट्रल जेल तक जूलूस निकालते हुए पुलिस ने जेल दाखिल किया।

पुलिस ने लूट मामले में फरार आरोपी गपनत सेट्टी उर्फ मलिंगा 26 साल निवासी अटल आवास कालीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को पुलिस ने संजय बाजार,अनुपमा चौक व शहीद पार्क में अलग अलग घटना को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों गिरफ्तार कर जुलूस निकाला और जेल में दाखिल किया। अपराधियों में कानून का भय पैदा करने आज कोतवाली पुलिस ने नगर में अलग अलग अपराधों को अंजाम देने वाले 3 आरोपियों की कोतवाली थाने से शहर में परेड निकाली।

# नाबालिग से अनाचार, आरोपी हिरासत में

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले फरार आरोपी को किया गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के मिलने के बाद आरोपी फरार हो गया था। कोण्डागांव पुलिस उसे सरगर्मी से तलाश रही थी। इस कार्य में पुलिस को सफलता मिल गयी है।

मामले की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भा.पु.से के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश कुमार डांडे रा.पु.से. व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रूपेश कुमार रा.पु.से के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अखिलेश धीवर के नेतृत्व में और सायबर टीम की मदद से आरोपी दुलबो बघेल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध घटित करने की बात स्वीकार की। आरोपी दुलबो बघेल को 12 जुलाई 2024 को गिरफ्तार कर मेडिकल जांच कराई गई और उसे न्यायालय कोण्डागांव में रिमाण्ड पर पेश किया गया।

**ये है मामला** – 14 मई 2024 को एक प्रार्थी ने थाना अनंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग बेटी 20 अप्रैल 2024 को ग्राम छिनारी के वार्षिक मेले में अपनी सहेली के साथ नाटा देखने गई थी। रात करीब 9 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे बहला-फुसलाकर भगा कर ले गया था। इस रिपोर्ट पर थाना अनंतपुर में गुमशुदगी और अपराध धारा 363 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



**नाबालिग प्रार्थिया ने ये बताया :** नाबालिग को दस्तयाब कर पूछताछ करने पर पता चला कि ग्राम नेवरा निवासी दुलबो बघेल उम्र 27 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर उसे अलग-अलग जगहों पर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। नाबालिक को 5 जून 2024 को दस्तयाब किया गया था, लेकिन आरोपी तब से फरार था।

## खबर संक्षेप

### विश्व जनसंख्या दिवस पर हुए कार्यक्रम



**जगदलपुर।** शहर के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला क्रमांक 2 में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को विद्यालय के मेधावी बच्चों के द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य सुधा परमार के मार्गदर्शन में बड़े धूमधाम से मनाया गया। बढ़ती जन संख्या और उनके रोकथाम एवं स्थरीकरण पर जागरूकता लाने छात्रों को विस्तार पूर्वक समझाया गया। शाला की शिक्षिका पायल पाण्डे के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला के सभी स्टाप एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### अनुमति बगैर अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे

**बीजापुर।** राज्य के विधानसभा का तृतीय सत्र 22 से 26 जुलाई तक आहूत किया गया है। उक्त अवधि में निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में शासन को भेजने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है। इस हेतु कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक की स्थिति में आहूत किये जाने पर कार्यालयीन अवधि के पश्चात एवं अवकाश के दिनों में कार्यालय में उपस्थित होंगे।

### निर्माणाधीन सड़कों की हुई समीक्षा

**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने लोक निर्माण विभाग अन्तर्गत निर्माणधीन विभिन्न सड़कों की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने, माईलस्टोन लगाने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बीजापुर-मोदकपाल-तारलागुड़ा 48 किलोमीटर सड़क जिसका निर्माण कार्य 25 किलोमीटर पूर्ण हो चुका है। शेष निर्माण कार्य शीघ्रपूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता बीएल ध्रुव सहित एसडीओ, उप अभियंता एवं सड़क निर्माण कार्य के ठेकेदार उपस्थित थे।

### मितानिन प्रोत्साहन राशि का ऑनलाइन भुगतान



**बस्तर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को रिमोट बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। बस्तर ब्लॉक के केसरपाल में राज्य स्तर से ऑनलाइन शुभारंभ कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से देखने के लिए व्यवस्था की गई थी। पीएचसी प्रभारी डॉक्टर हेमंत कुमार यादव ने बताया कि मितानित प्रोत्साहन राशि का ऑनलाइन कार्यक्रम में दो मितानिन ट्रेनर, 41 मितानिन सहित आरएचओ यशोदा, पदमनी उपस्थित थे। हाई स्कूल भवन केशरपाल में कार्यक्रम रखा गया था। हायर सेकेण्डरी स्कूल केशरपाल के प्राचार्य सूदन राम मौर्य, पारस, मनीष एवं स्टाफ मौजूद थे।

### पूर्व में लागू कानून में हुए बदलाव के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम

# 3 नवीन आपराधिक कानून पर पत्रकारों के साथ हुई कार्यशाला

नवीन कानून नागरिकों पर केंद्रित, न्याय की अवधारणा को लिए हुए, त्वरित रूप से न्याय सुलभ कराने हेतु नए भारत का नवीन कानून है।





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 तीन नए कानूनों के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित हुआ।

उक्त कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा, उप पुलिस अधीक्षक तुलसीराम लेकाम एवं उप पुलिस अधीक्षक गरिमा दादर द्वारा नए कानून के उद्देश्य, उनकी उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। तीनों कानूनों में हुए बदलाव को सामान्य शब्दों में पुराने कानून में हुए बदलाव को समझाया। पुराने कानून और नए कानून का तुलनात्मक रूप से समीक्षा करते हुए उनके उपयोगिता जैसे इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का प्रयोग, समयबद्ध प्रक्रिया, औपनिवेशिक कानूनों में सुधार को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला में नवीन कानूनों की आवश्यकता, नवीन कानून में प्रौद्योगिकी का समावेश, पारदर्शिता और जवाबदेही, नवीन कानूनों के क्रियान्वय हेतु प्रशिक्षण एवं जागरूकता, अपराध पीड़ितों के अधिकार, सामाजिक न्याय और समावेश, पुनर्वास और सुधार, कानून प्रवर्तन में सुधार आदि विषयों पर चर्चा एवं जानकारी दी गई।

#### नवीन कानून के लागू करने का लक्ष्य

संवैधानिक न्याय, न्याय केन्द्रित प्रणाली, गुलामी की मानसिकता को समाप्त करना, पीड़ित केन्द्रित न्याय, सुलभ न्याय, प्रक्रिया को सुसंगत और पारदर्शी बनाना है। नवीन कानून के लागू करने का उद्देश्य निष्पक्ष और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करना, विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहाई और कारावास की अवधि को कम करने के लिए सामुदायिक सेवा का प्रावधान है। तकनीक के उपयोग तथा प्रक्रियाओं एवं कार्यवाही की समयबद्ध तरीके से निस्तारण से न्याय देने की कुशलता में वृद्धि होगी। थाना क्षेत्र में नवीन कानूनों के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में जिला स्तरीय पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि शामिल हुए।

## पटवारी संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिले में अपनी 32 सूत्रीय मांगों को लेकर संघ के पदाधिकारी व सदस्य शुक्रवार से बेमुद्दत हड़ताल पर चले गए हैं।

गुरुवार को जिला प्रतिनिधियों ने जिला अध्यक्ष श्रवण गुप्ता, शंकरलाल कतलाम, पनेश्वर सिंह ठाकुर, रामनारायण बीरा एवं प्रफुल्ल सलाम ने संघ का ज्ञापन जिला कार्यालय में कलेक्टर के नाम भू-अभिलेख प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी को सौंपा एवं हड़ताल में जाने की जानकारी दी। विदित हो कि पूरे प्रदेश में विगत 5 दिनों से सभी जिलों के पटवारी भुईयां साफ्टवेयर में हो रहे लगातार फेर बदल एवं उसके लिए किसी भी त्रुटि पर पटवारी को दोषी मानते हुए की जा रही कार्यवाही से आक्रोशित होकर 32 सूत्रीय मांग पत्र शासन के सामने रखा एवं जल्द से जल्द पूरा करने हेतु आंदोलनरत है। साथ ही विगत कई वर्षों से राजस्व पटवारी संघ की समस्याएं हैं, जिस पर भी राजस्व सचिव से प्रांत पदाधिकारियों की चर्चा चल रही है।

जिसमें पटवारी के समयमान वेतनमान, पदोन्नति, ऑनलाइन कार्य के लिए संसाधन, नेट भत्ता आदि प्रमुख मांग है। पटवारियों के अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं अब अधर पर हैं। जिसमें राजस्व पखवाड़ा, नियद नेल्लानार, चिट्ठा गोशवारा, नक्शा नवीनीकरण, आय, जाति, निवास, नामांतरण, बटवारा, भूमि क्रय-विक्रय, बाढ़ एवं आपदा जैसे कार्य प्रभावित होंगे। राजस्व पटवारी संघ ने शासन से जल्द मांग पूरा करने आग्रह किया है।

## एकलव्य विद्यालय में बच्चों ने लगाए फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण मुख्यालय जावंगा परिसर में आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बच्चों ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान बच्चों ने फलदार और छायादार पौधे लगाए। गौरतलब है कि लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई

- **प्राचार्य व शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ किया वृक्षारोपण**

से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर एक-एक पेड़ लगाने आह्वान किया था। साथ ही लगाए गए पौधे की सुरक्षा के लिए सजग रहने को कहा गया। प्रशासन की ओर से सभी को पेड़ लगाने की अपील की जा रही है। बस्तर अंचल में भी दिन-ब-दिन तापमान बढ़ता जा रहा है। इसका एकमात्र उपाय है वन क्षेत्र में वृद्धि करना।

वृक्षों की संख्या जितनी ज्यादा बढ़ेगी लोगों को उतनी ही गर्मी से राहत मिलेगी। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तहत पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण किया गया। हमारे विद्यालय का हर एक बच्चा अगर एक पौधा लगाएगा, तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी। पेड़-पौधे से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरुर लगाएं, क्योंकि दुनिया में सबसे अनमोल रिश्ता मां से होता है।

हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। इस दौरान विद्यालय की उपप्राचार्य वृषभान खांडेकर, शिक्षक आलोक सोनवाने, डीआर रावटे, प्रवीण चंद्राकर, महेंद्र शर्मा, सीमा सलाम व अन्य शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

### 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ एक-एक संविदा कर्मचारियों का अधिकार : सूरज

**गीदम।** छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले हुए आंदोलन में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत की वेतन वृद्धि करते हुए 350 करोड़ रुपए आवंटित किया गया था। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा विधानसभा के पटल में 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की बात कहते हुए 37000 हजार संविदा कर्मचारियों का लाभ प्रदान करने की बात कही थी। लेकिन आलम यह हैं कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 15000



संविदा कर्मचारी, 400 आत्मा विभाग के संविदा कर्मचारी, 7000 महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री पंचायत सशक्तिरण योजना, राष्ट्रीय वेक्टर जनित कार्यक्रम आदि विभागों में 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल रहा हैं। प्रदेश के संविदा कर्मचारियों को अपने ही बढ़े हुए वेतन के लिए मांग करना पड़ रहा है, ये कर्मचारियों के लिए दुर्भाग्य जनक हैं। 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि 37000 कर्मचारियों के लिए किया गया, लेकिन इसका लाभ 10000 से भी कम संविदा कर्मचारियों को हो रहा हैं। यह संविदा कर्मचारियों के लिए दोहरी चिंता का विषय है कि वे पहले सरकार से 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग करें, जो उन्हें पहले ही मिलनी चाहिए थी या नियमितीकरण की जो सरकार ने मोदी की गारंटी में कहा था। वर्तमान भाजपा सरकार से संविदा कर्मचारियों को काफी उम्मीद है, जिन्होंने 2023 को आंदोलन के दौरान मंच में उपस्थित होकर हमारा दर्द समझा। वर्तमान समय में संविदा कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारीगण मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री, उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात कर इसकी जानकारी दिए है, किन्तु समस्या का निवारण अभी तक नहीं हुआ हैं। यही कारण से संविदा कर्मचारी आंदोलित होते हैं। सूरज सिंह ठाकुर प्रांतीय प्रवक्ता ने वर्तमान सरकार से मांग की है तत्काल संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत का लाभ प्रदान करते हुए सरकार द्वारा नियमितीकरण हेतु गठित समिति को समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया जाए।

## प्रवेश के लिए छात्रों में उत्साह का माहौल

### आश्रम-छात्रावास में प्रवेश के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



विकासखंड दरभा में प्रवेश के लिए छात्रों में उत्साह का माहौल, रिक्त सीटों से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। आदिवासी विकास विभाग द्वारा आश्रम-छात्रावास में छात्रों के प्रवेश हेतु ब्लॉक स्तरीय प्रवेश समिति की बैठक गुरुवार को छिंदावाड़ा के आश्रम कक्ष में आयोजित की गई।

जहां बैठक में नवीनीकरण और रिक्त सीटों के नवीन प्रवेश के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया। रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होने के कारण प्रवेश के लिये विकासखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया। छात्रावास के मरम्मत के लिए विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय सिंह से मांग किया गया। जिला शिक्षा समिति के अध्यक्ष मनीराम कश्यप ने आश्रम-छात्रावास में शिक्षा की गुणवत्ता में विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आश्रम-छात्रावास की साफ-सफाई और बच्चों के अनुशासन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए आवश्यक मूलभूत व्यवस्था में कोई कमी नहीं होनी चाहिये।

बैठक में क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि रामाश्रय सिंह ने समस्त आश्रम-छात्रावासों की जानकारी लेते हुए दरभा ब्लॉक में संचालित 25 आश्रम-छात्रावासों की व्यवस्था दुरुस्त रखने की बात कही है। इस बैठक में दरभा जनपद अध्यक्ष ए. जानकी राव, जनपद उपाध्यक्ष अनंत राम कश्यप, मण्डल संयोजक महेन्द्र बघेल तथा समस्त आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक-अधीक्षिका उपस्थित थे।

## बच्चों को रोज स्कूल भेजने पालकों को समझाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



नवीन शिक्षा सत्र प्रारम्भ होते ही राज्य से प्राप्त दिशा निर्देश एवं कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन अनुरूप विकास खण्ड बस्तर में शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए शालाओं का सघन निरीक्षण किया जा रहा है।

- **एबीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण**

इसी क्रम में सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी द्वारा शालाओं का सघन निरीक्षण आज किया गया। शालाओं में जो खामियां दिखाई दे रही है, उसे मौके पर ही त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया तथा जो बच्चे शाला से अनुपस्थित पाए जा रहे है। उन्हें पालकों से सम्पर्क कर उनकी उपस्थिति शत-प्रतिशत स्कूल में सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही पाठ्य पुस्तक गणवेश के वितरण की स्थिति की जानकारी ली गई। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक गणवेश का शत-प्रतिशत वितरण किया जाना पाया गया। शिक्षकों को अप्रवेशी एवं जो शाला त्यागी है, उन्हें तत्काल प्रवेश करवाकर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए है। पालकों से सतत सम्पर्क बनाये रखने निर्देशित किया गया ताकि बच्चे शाला त्यागी न हो सके। शिक्षकों को प्रतिदिन अध्यापक दैनंदिनी लिखने के लिए निर्देश दिए गए। जिससे कार्ययोजना अनुरूप कक्षा का अध्यापन कार्य सुचारू रूप से कराया जा सके। सभी शिक्षक को शाला समय पर आने व जाने का कड़ाई से पालन करने निर्देशित किया गया। मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार तैयार करने समूह को व रसोइयों को निर्देशित किया गया। गुरुवार को नगर पंचायत बस्तर के सभी आश्रित शालाओं माध्यमिक भाटीपारा, जनपद बस्तर, कन्या बस्तर, बालक बस्तर प्राथमिक भाटीपारा, जनपद बस्तर सहित आधा दर्जन शालाओं का सघन निरीक्षण किया गया। उनके साथ संकुल समन्वयक बस्तर फगनू नाग उपस्थित थे। अधिकारी द्वारा जानकारी में बताया गया कि उनका निरीक्षण नियमित जारी रहेगा। शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नही किया जाएगा।

## 18 मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ के आह्वान में बीजापुर जिला अध्यक्ष रमाकांत पुनेठा के नेतृत्व में आज स्वास्थ्य विभाग के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि व संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण सहित 18 बिंदु मांग को लेकर कलेक्टर अनुराग पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी संघ के अपने लंबित पुरानी मांगों को लेकर लगातार मांग पत्र मंत्री एवं विधायक को दे रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी विभागों के संविदा कर्मचारियों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की घोषणा किया गया था, जिसमें 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। इसमें बहुत से विभागों को 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है, जिसमें मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन आदि शामिल है। लेकिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को अभी तक 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त संबंध में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री सहित 24 बार विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन दिया जा चुका हैं।

## नए कानून में दंड से न्याय की ओर समाज को अग्रसर करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



पुलिस प्रशासन के द्वारा भारत में 1 जुलाई से लागू हुए नये कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधानों की जानकारी देने के संबंध में गुरूवार को प्रेस वार्ता रखा गया। इस वार्ता में जिले के मीडियाकर्मियों को नये कानूनों के बारे में जानकारी दी गई एवं मीडिया के माध्यम से आमजन तक नए कानून के विशेष प्रावधानों को पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस बैठक में कानून में किए गए बदलाव में ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर, साक्षी सुरक्षा नियम, साक्षियों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सूचना दिया जाना, पीड़ित को केस के विवेचना की जानकारी देना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाह देना, साक्षियों की पहचान उजागर न करना, पुलिस की कार्यवाहियों की वीडियोग्राफी करना, गंभीर अपराध में एफएसएल यूनिट की सहायता, महिलाओं के विरुद्ध नए कानून के तहत कुछ प्रावधान जोड़े गए है। बच्चों के लिए नए प्रावधान, बच्चों के विरुद्ध अपराध में मृत्युदंड तक की सजा शामिल किया गया है, साक्ष्य अधिनियम के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को भी प्राथमिक साक्ष्य के रूप में स्वीकार की गई है, बुजुर्गजनों को सुविधा देने के लिए प्रावधान लाए गए हैं। जनता को अपने अधिकारों व कर्तव्यों का बोध होना आवश्यक है, ताकि कानून का पालन सुनिश्चित किया जा सके। 1 जुलाई से पूर्ण रूप से नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम अस्तित्व में आया है। इस संबंध में ही लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ के. बिश्वरंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, उप पुलिस अधीक्षक गण उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**भानुप्रतापपुर जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no- 07850252353
Email - sdmbhanupratappur1991@gmail.com
रा.प्र.क्र./202406140500053/अ-2/2023-24
ग्राम चौगेल, तहसील भानुप्रतापपुर

**// उदघोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/ आवेदिका श्रीमति दीपमाला पिता भीषमसिंह नेताम, जाति गोड़, निवासी /ग्राम नारायणपुर, तहसील भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम चौगेल, तहसील भानुप्रतापपुर स्थित खाते की भूमि खसरा नंबर 412/26 रकबा 0.0200 हे. . भूमि को आवासीय प्रयोजन/ में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/07/2024 तक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 04/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।
स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांक :- 04/07/2023
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापुपर
मुहर जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्राशा व माशा ईरागांव में न्योता भोजन हुआ



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहेली के आश्रित ग्राम ईरागाव के स्व. साहब सिंह वाडिवा के दूसरी पुण्यतिथि पर पूजा अर्चना कर उनके कार्यों का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं उनके परिवार के सदस्यों द्वारा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला ईरागांव के छात्र छात्राओं व शिक्षको को नेवता भोज पुण्यतिथि पर परिवार के सदस्यों द्वारा कराया गया। माध्यमिक शाला प्रधान पाठक चेतन पोटाई, गोविंद नेवरा, संग्राम मंडावी, सुखदू नरेटी, घनश्याम ओडसे, अनिता कोमेटी, लता वाडिवा, दुष्यंत वाडीवा, नरेंद्र पटेल एवं ग्राम के स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षक ग्रामीण नागरिक सम्मलित रहे।

### पुत्तरपारा प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक निलंबित

**भानुप्रतापपुर।** पंकज उइके सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला पुत्तरपारा को शाला में शराब के नशे में पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। पंकज उइके सहायक शिक्षक के विरूद्ध खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर से प्राप्त प्रतिवेदन एवं संलग्न फोटो/विडियो (सी.डी.) के आधार पर इनके द्वारा शराब का सेवन कर नशे की हालत में शाला आना पाया गया है। जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित किया है।इनका उक्त कृत्य स्वेच्छाचारिता एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता की श्रेणी में आने के साथ ही छ. ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1,2,3 के विपरीत होने के कारण छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंवित किया गया है।निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड अंतागढ़ नियत किया जाता है एवं निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

राहत : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नवा सौगात कार्यक्रम का वर्चुअल किया शुभारंभ

# नवा सौगात से मितानिनों को राहत, समय पर मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर



प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से ही लगातार योजनाओं के क्रियान्वयन व लोगों तक पहुँचाने सरकार सतत कार्य कर रही हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नवा सौगात कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसका वर्चुअल आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहरपुर में भी किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए मोदी की गारंटी व मुख्यमंत्री के सुशासन के साथ काम किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य को लेकर मितानिन माताओं बहनों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर लोगों की सेवा की जा रही है, फिर वह गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य से लेकर प्रसव तक की चिंता हो या फिर नवजात शिशुओं के टीकाकरण, कुपोषण आदि को लेकर हो। पहले मितानिन बहनों को अपने काम का मेहनताना स्थानीय कार्यालय के माध्यम से मिलता था पर तकनीकी कारणों व परेशानियों के कारण समय पर राशि नहीं मिल पाता था, जिसके कारण मितानिनों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रदेश सरकार अब नवा सौगात के तहत मितानिन माताओं बहनों के मेहनत को देख आपके प्रोत्साहन राशि को सीधे डिबीटी के माध्यम से बैंक खाते में समय सीमा पर डालेगी, जिससे आपको समय पर राशि प्राप्त होगा और आर्थिक समस्या से निजात मिलेगा। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि पहले मितानिनों के कार्य के आधार पर भुगतान संस्थागत किया जाता था, परंतु तकनीकी परेशानी के कारण कई बार भुगतान में विलंब होने की स्तिथि निर्मित हो जाती थी, जिसके कारण काफ़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। पर अब भुगतान शासन स्तर पर होने से बड़ी राहत मिलेगी तथा सभी को समय पर राशी मिलेगा। कार्यक्रम में पार्षद भागवत शोरी, मंडल महामंत्री धनेश कौशिक, संतोष भास्कर, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, शेख़ लियाक़त अली सहित स्वास्थ्य विभाग से भीखम साहू व मितानिन माताए बहने उपस्थित रहे।

# बीएसएफ ने किया पौधारोपण और चलाया रोजगार जागृति अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों व अधिकारियों द्वारा आईटीआई परिसर कर्रामाड़ में सामूहिक पौधरोपण किया गया। पौधारोपा के साथ ही छात्रों के मध्य रोजगार जागृति अभियान चलाया गया।

बीएसएफ के 178 वीं वाहिनी के सामरिक मुख्यालय दुर्गकोंदल सहित विभिन्न सीओबी व आसपास के इलाके में माई लाइफ अभियान के तहत शासकीय कौशल विकास केंद्र आईटीआई कर्रामाड और आसपास के क्षेत्र में पर्यावरण को बचाने के लिए फल एवं छायादार पौधों का पौधरोपण किया गया। 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल कार्यवाहक कमान अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में हर संभव बदलाव लाए और अपने परिवार, मित्रों और अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करे। इसके उपरांत आईटीआई के छात्र व छात्राओं के लिए कैरियर काउंसलिंग सेशन चलाया, जिसमें किस तरह रोजगार प्राप्त किया जा सकती है, इसके बारे में जानकारी दिया गया। छात्र छात्राओं और उनके आसपास के बेरोजगार नौजवानों को दिशा देने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में उपकमांडेट गुरुचरण सिंह, सहायक कमांडेट डॉ. रवि कुमार, आईटीआई प्राचार्य देवानंद ध्रुव, निरीक्षक योगेश कुमार सोनी, थाना प्रभारी, आईटीआई के छात्र, छात्राओं तथा शिक्षक शामिल हुए।

# सिंगारभाट के प्रवेशोत्सव में साइकिल किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम द्वारा तिलक लगाकर किया एवं साथ ही पुस्तक व गणवेश छात्रों को प्रदान किया गया। कक्षा नौवीं में अध्ययनरत छात्राओं को छग शासन द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शाला प्रतिवेदन शिक्षिका दंतेश्वरी तिवारी द्वारा पढ़ा गया व मंच से मांग पत्र अखिलेश कर शर्मा द्वारा पढ़ा गया, जिसमें शाला से संबंधित समस्त जानकारियां विधायक के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अतिथियों व छात्र-छात्राओं के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर बच्चों को शुभकामनाएं दी और मन लगाकर पढ़ाई करने को कहा, जिससे स्कूल, गांव व परिवार का नाम रोशन हो। कार्यक्रम में मंच संचालन जीपीपी सोनेल एवं रीना मौर्य द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता सरपंच पन्ना लाल ठाकुर, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम, जनपद सदस्य ईश्वर कावड़े, जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, पूर्व अध्यक्ष मत्स्य कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ भरत मटियारा, जिला किसान मोर्चा चंद्रप्रकाश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी, नीलू तिवारी, मीरा सलाम, घनेंद्र सिंग ठाकुर, प्रशांत यादव, सुनील ठाकुर, गीता राठौर, भगवती कुंजाम, हरीश गिडलानी, रीता मिश्रा, अश्वनी उसेंडी, पुष्पा किरण नाग, सारिका ग्रेवाल, देविका ठाकुर, सीमा नेताम, स्वर्णा सोनी, किरण गोड़खांदे, दीपिका सोनी, दीप्ती कुजुर, गजेंद्र बिसेन, मधु वर्मा, साधना साहू, सरोज नाग, एवं महेन्द्र नेताम कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक में योजनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



जिला स्तरीय अल्पसंख्यक कल्याण समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई और अल्पसंख्यकों के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं के कार्यों की प्रगति की विभागवार जानकारी लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयोजित बैठक की शुरूआत में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग एल.आर. कुर्रे ने समिति की पूर्व बैठक के विभागवार पालन प्रतिवेदन की जानकारी दिया। बैठक में एडीएम ने शिक्षा विभाग को उर्दू शिक्षकों की भर्ती, उर्दू पुस्तकों की उपलब्धता और मदरसे के आधुनिकीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके साथ ही अंत्यावसायी एवं कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण तथा रोजगार उपलब्ध कराने, पशु पालन के कार्य स्वीकृत करने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री के नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर भी विस्तृत चर्चा किया, जिसमें एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालयीन शिक्षा की उपलब्धता को सुधारना, उर्दू शिक्षण के लिये अधिक संसाधन, मदरसा शिक्षा आधुनिकीकरण, मेधावी विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्ति, मौलाना आजाद शिक्षा प्रतिष्ठान के माध्यम से शैक्षणिक अधोसंरचना को उन्नत करना, गरीबों के लिये स्व-रोजगार एवं मजदूरी रोजगार योजना, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल उन्नयन, आर्थिक क्रियाकलापों के लिये ऋण सहायता, राज्य एवं केन्द्रीय सेवाओं में भर्ती, मलिन बस्तियों की स्थिति में सुधार और ग्रामीण आवास योजना में उचित हिस्सेदारी सुनिश्चित कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी मांग एवं समस्याएं रखीं और आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर समिति के सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# पीएम मातृ वंदना एवं महतारी वंदन योजनाओं के क्रियान्वयन पर निर्देश



**कांकेर।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के कार्यां की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने किया।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं महतारी वंदन योजना शासन की प्रमुख फ्लेगशिप योजनाएं हैं। इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अच्छे से कार्य करें और जिले के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में कुपोषण बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए योजनाओं के तहत गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को नियमित रूप से पूरक पोषण आहार मिले, यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों की उपलब्धता एवं स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जर्जर भवनों में किसी भी प्रकार की गतिविधियां संचालित न करें और जिले के ऐसे जर्जर एवं अति जर्जर भवनों के मरम्मत व नये भवन के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेंजे। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण ट्रेकर एप में हितग्राहियों के आधार सत्यापन कार्य में तेजी लाने भी कहा। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, महिला कोष ऋण योजना एवं सक्षम योजना, मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना सहित अन्य योजनाओं तथा सक्षम आंगनबाड़ी के तहत कार्य की प्रगति की परियोजनावार समीक्षा किया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रमाकांत चन्द्राकर सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जलकुंभी हटाने गुजराती समाज ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नगर के डढ़िया तालाब में लगातार बीसवें दिन जलकुंभी निकालने का अभियान जारी रहा। बीसवें दिन तालाब के शिव मंदिर घाट में गुजराती समाज विकास मण्डल के वरिष्ठजनों ने श्रमदान किया। गुजराती समाज से भगवान भाई टांक, गोकुल भाई जोशी, यशवंत माणिक, नरेन्द्र दवे, राजगोपाल कोठारी, चन्द्रमोहन रावल, हिमांशु कोठारी एवं गुजराती समाज के सदस्यो ने श्रमदान कर जलकुंभ निकाली। समाज के लोगों का कहना था कि सभी समाज के लोग ऐसे अच्छे अभियान के लिए आगे आना चाहिए। जवाहर वार्ड का दल, पूर्व सैनिक दल के टेश्वर जैन, कौशल सिन्हा, संजोग साहू, अनूप जैन, बालकृष्ण तोमर, द्वारकाप्रसाद निषाद,संतोष, एलके पटेल एवं साथी, होमगार्ड के दल ने श्रमदान किया । वंदेमातरम घाट में जागरूक नागरिकगण, स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों ने तालाब से जलकुंभी निकालने श्रमदान किए। इस मुहिम में अरूण कौशिक, अविनाश नेगी, मोहन सेनापति, पंकज कौशिक, अशोक राठी, अजय पप्पू मोटवानी, निर्मल माहेश्वरी, सुशील तिवारी, देवेश साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, सरिता यादव, आशा साहू व अन्य उपस्थित रहे।

# खरीफ फसल प्रदर्शन कर बीज किया गया वितरण



**कांकेर।** विकासखण्ड चारामा के ग्राम बड़ेगौरी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन कर कृषक विशेश्वर सिन्हा के खेत में आत्मा योजनांतर्गत खरीफ फसल प्रदर्शन 1 एकड़ के लिए 8 किलो अरहर किस्म छग अरहर किसान को बीज निःशुल्क दिया गया है। बीजउपचार कर बीज को लाइन से लगवाया गया, जिसमें लाइन से लाइन की दूरी 1 मीटर तथा पौधों से पौधों की दूरी 30 सेमी रखी गई है।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी लिलेझर कवल सिंह कश्यप ने किसानों को बताया की दलहनी फसलों में अरहर का विशेष स्थान है। अरहर की दाल में लगभग 20-21 प्रतिशत तक प्रोटीन पाई जाती है, साथ ही इस प्रोटीन का पाच्यमूल्य भी अन्य प्रोटीन से अच्छा होता है। अरहर की दीर्घकालीन प्रजातियॉ मृदा में 200 किग्रा तक वायुमण्डलीय नाइट्रोजन का स्थरीकरण कर मृदा उर्वरकता एवं उत्पादकता में वृद्धि करती है। शुष्क क्षेत्रों में अरहर किसानों द्वारा प्राथमिकता से बोई जाती है। असिंचित क्षेत्रों में इसकी खेती लाभकारी हो सकती है क्योंकि गहरी जड़ के एवं अधिक तापक्रम की स्थिति में पत्ती मोड़ने के गुण के कारण यह शुष्क क्षेत्रों में सर्वउपयुक्त फसल है। असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर गोपाल कृष्ण और देवेन्द्र कुंजाम ने किसानों को दलहनी फसल लेने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर गोपाल कृष्ण, देवेन्द्र कुंजाम, किसान मित्र गेश्वर घरत, विशेश्वर सिन्हा सहित क्षेत्र के कृषक बंधु उपस्थित रहे।

आत्मानंद स्कूल के पालक और शिक्षकों ने भाजपा जिला अध्यक्ष लाटिया से शैक्षणिक चर्चा की

# साहित्यिक ग्रंथों के नियमित अध्ययन से छात्रों में आत्मविश्वास का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरर



छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, बच्चों में भविष्य की संभावनाओ का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधने के उद्देश्य से स्वमी आत्मानंद हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय कोरर में सजग पालक एवं अध्यक्ष भाजपा जिला कांकेर सतीश लाटिया के साथ शिक्षकों ने शिक्षा, शिक्षालय, शिक्षण एवं बच्चों में पढ़ने वाले मनोवैज्ञानिक व्यवहार गत प्रभाव पर बातचीत की।

बातचीत में सतीश लाटिया ने कहा कि शिक्षक को अनुशासित एवं समय पाबंद होना चाहिए। मेरे आदर्श मेरे पिताजी है। जो स्वयं एक शिक्षक थे जिससे मैंने समय पाबंद एवं अनुशासन सीखा है। सतत रूप से सीखने की प्रक्रिया पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थी एवं शिक्षक को सतत अध्ययन करना चाहिए। मेरे जीवन में, विवेकानंद साहित्य का विशेष प्रभाव रहा है,आज भी मैं विभिन्न साहित्य नियमित रूप से पढ़ता आ रहा हुं। आत्मविश्वास एवं निर्णय लेने की क्षमता प्रत्येक शिक्षक एवं विद्यार्थियों में होना चाहिए। क्योंकि ये दो चीजें ऐसी हैं, जिनके माध्यम से हम किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकते हैं। मेरा यह मानना भी है। कि शासन की विभिन्न योजनाएं यदि अच्छी है, तो उसे राजनीति विचारधारा से उपर उठकर उसका समर्थन करना चाहिए। विद्यार्थी सदैव लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित होना चाहिए जिसमें शिक्षक की भूमिका पथ प्रदर्शक , मार्ग दर्शक की होनी चाहिए। हालांकि कभी-कभी स्थितियां परिस्थितिया निर्धारित लक्ष्य से भटका देती है,उस स्थिति में हमें निराश या हताश नहीं होना चाहिए, उदाहरणार्थ मैं स्वयं एक सफल डाक्टर बनना चाहता था। किंतु आज मैं सफल राजनीतिज्ञ हूं। आज शिक्षा एवं खेल का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। और हमें अपने नौनिहालों को उसी व्यापकता को ध्यान में रखकर शिक्षा -प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है।अंत में उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं पालकों, जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से बच्चों को सतत प्रेरणा एवं उचित मार्गदर्शन मिल सकेगा। मैंने हमेशा यह कामना कि है कि संपूर्ण विश्व में भाईचारा एवं शांति कायम रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनिषा मरई, विनिता गोस्वामी, अनुपम जोफर एवं आभार प्रदर्शन प्राचार्य शिवराज टांडिया ने किया।

# शालेय खेल कैलेंडर की बैठक में प्रतियोगिताओं पर की चर्चा

**कांकेर।** वर्ष 2024-25 में शालेय खेल कलेंडर अनुसार, ब्लॉक, जिला, संभाग स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। आयोजित बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पटेल की अध्यक्षता में डाइट में हुई। आयोजित बैठक में जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालय के व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में जिले में संचालित होने वाली समस्त प्रतियोगिता संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त व्यायाम शिक्षकों को अपने विद्यालय की अलावा अपने पास के संकुल के माध्यमिक शाला के खिलाड़ियों को खेल में शामिल करने को कहा गया। इसके साथ ही समस्त व्यायाम शिक्षकों को अपने विद्या के अनुसार खेल सामग्री का मांग पत्र कार्यालय में जमा करने को कहा गया। जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता संभागीय खेल कैलेंडर के अनुसार जारी किया गया। खेल कैलेंडर के आधार पर निर्धारित तिथि अनुसार खिलाड़ियों को चार प्रतियोगिता में पात्रता प्रमाण पत्र के साथ शामिल करने को कहा गया, सभी खिलाड़ियों के पालकों से सहमति लेना अनिवार्य बताया गया एवं खिलाड़ियों की उम्र 31 दिसबंर 2024 के अनुसार गणना की जाएगी। बैठक में समस्त अधिकारी व पीटीआई उपस्थित रहे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है